पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

शिशिक्षु/रोजगार मेले में 9 कम्पनियों द्वारा 90 अभ्यर्थियों को किया चयनित

लखनऊः 31 मार्च, 2023

राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज, लखनऊ, में एच0सी0एल0 फाउण्डेशन (ग्रे–सिम लर्निंग फाउण्डेशन) एवं राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शिशिक्षु/रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 9 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसका उद्घाटन श्री आर0 एन0 त्रिपाठी, नोडल प्रधानाचार्य एवं श्रीमती शिवानी पंकज, उपप्रधानाचार्य द्वारा किया गया।

एम0 ए0 खाँ, ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि शिशिक्षु/रोजगार मेले में 9 कम्पनियों द्वारा 90 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। जिन्हे प्रतिमाह 8000 से 16000 रुपए भुगतान किया जायेगा तथा कम्पनी द्वारा अन्य सुविधाएं भी दी जायेंगी।

एम0 ए0 खाँ ने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहली नौकरी को किसी भी दशा में छोडना नही चाहिए तथा एक बार नौकरी मिल जाने के बाद अभ्यर्थी दूसरी नौकरी स्वयं खोज लेंगे तथा उनके अन्दर आत्मविश्वास भी बढेगा।

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

राघवेन्द्र/07:45 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com
वेबसाइट :www.information.up.gov.in